सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

दिनांक–24/03/2026

पत्रांक–240 /सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर से सम्बद्ध
समस्त महाविद्यालय।

विषयः–नशा मुक्ति भारत अभियान हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 12.03.2026 के उपरान्त दिये गये निर्देश के अनुपालन कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0शि0), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्रांकः–डिग्री विकास/3167/2025–26 दिनांक 18.03.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से नशा मुक्ति भारत अभियान हेतु कतिपय दिशा–निर्देश का अनुपालन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

तद्क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या को सूचित किया जाता है, कि अपने महाविद्यालय में **नशा मुक्ति भारत अभियान हेतु दिशा–निर्देश का अनुपालन प्रत्येक माह में करना सुनिश्चित करें तथा महाविद्यालय में एण्टी ड्रग्स समिति का गठन** करते हुए, उसकी प्रति विश्वविद्यालय के ई–मेल आईडी–sukaffiliation@gmail.com पर दिनांक–27.03.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करना सुनिश्चित करें, जिससे अग्रेतर कार्यवाही समय से की जा सके।

नोटः–समस्त महाविद्यालय नशा मुक्ति भारत अभियान के अन्तर्गत संलग्न पत्र में दिये गये दिशा–निर्देश का पालन करते हुए, कृत कार्यवाही की एक प्रति प्रत्येक माह विश्वविद्यालय को पत्र उलपब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय
24/03/26
कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

प्रतिलिपि, निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
2. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
3. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

ई – मेल/तत्काल

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक:- डिग्री विकास/ 3167 /2025 – 26 दिनांक – 18 / 03 /2026

विषय – नशा मुक्ति भारत अभियान हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 12.03.2026 के उपरान्त दिये गये निर्देश के अनुपालन कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 12.03.2026 को संपन्न बैठक में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के स्तर पर नशा रोकने हेतु निम्नवत् उपाय/निर्देश दिये गये हैं –

1. जागरूकता कार्यक्रम – विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में सेमिनार और वर्कशॉप का आयोजन। चिकित्सक, पुलिस या काउंसलर को आमन्त्रित कर नशे के नुकसान के बारे में जानकारी प्रदान किया जाना।
2. रैली और पोस्टर अभियान – छात्रों द्वारा "Say No to Drugs" रैली का आयोजन। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में पोस्टर, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन।
3. काउंसलिंग और हेल्प – विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में काउंसलिंग सेल का गठन।
4. स्पोर्टस एक्टिविटी – खेल, योग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।
5. सोशल मीडिया अभियान – इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप या महाविद्यालय समूह में नशा मुक्ति से जुड़े संदेश और वीडियो प्रसारित/शेयर करना एवं छात्र – छात्राओं को ड्रग्स के नुकसान के बारे में जानकारी देना।
6. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में एण्टी ड्रग्स समिति का गठन।
7. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र – छात्राओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन एवं जरूरतमंद लोगों की मदद नशे की समस्या को काफी हद तक कम कर सकती है।

प्रश्नगत प्रकरण के संबंध में शासन की बैठक में दिये गये उपाय/निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय की ई – मेल आई0डी0 dhedegreevikas@gmail.com पर 03 कार्यदिवसों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

18/3/26

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ 3167–68 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ हेतु प्रेषित –

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

O/C

Scanned with OKEN Scanner